# राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

**राजभवन, पटना–800022**

*संख्या–74/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

### लेडी गवर्नर ने स्वास्थ्य और कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया

**पटना 25 जुलाई, 2025 :–** लेडी गवर्नर श्रीमती रेशमा आरिफ ने मेटरनिटी एण्ड चाइल्ड हेल्थ सेंटर, पटना में आयोजित स्वास्थ्य और कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य किसी भी समाज की नींव होता है। यदि महिलाएँ और बच्चे स्वस्थ रहेंगे तो परिवार स्वस्थ रहेगा और देश आगे बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि आज की महिलाएँ घर और परिवार के साथ–साथ सभी क्षेत्रों में योगदान दे रही हैं, परंतु उन्हें अपने सेहत के प्रति भी सजग रहना चाहिए। स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, अंडाशय और आंत्र का कैंसर आदि महिलाओं में आम हैं। इनके प्रारंभिक लक्षणों को पहचानकर समय पर जांच और इलाज से जीवन की रक्षा संभव है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को चाहिए कि वे अपने शरीर में होने वाले किसी भी असामान्य बदलाव को नजरअंदाज नहीं करें। स्तन में गाँठ, असामान्य रक्तस्राव, कमर या पेट में लगातार दर्द, वजन का अचानक घटना जैसे संकेत होने होने पर तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उनका स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। बच्चों के लिए नियमित टीकाकरण, संतुलित आहार, साफ–सफाई और नियमित स्वास्थ्य जाँच अत्यंत आवश्यक हैं। बच्चों को शुरू से ही स्वच्छता के नियम, संतुलित भोजन, दैनिक व्यायाम और स्वास्थ्य जाँच के महत्व के बारे में सिखाया जाना चाहिए। माता–पिता और शिक्षक इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार और कई गैर–सरकारी संस्थाएँ कैंसर स्क्रीनिंग और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर रही हैं, जिनका अधिक से अधिक लाभ उठाया जाना चाहिए। हमें समझना होगा कि समय पर पहचान और इलाज से कैंसर को हराया जा सकता है। जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है।

इस अवसर पर बिहार मातृ एवं शिशु कल्याण केन्द्र के कार्यकारी समिति के अध्यक्ष डॉ० शंकर नाथ एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

.........................................